आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 26.04.2024 समय : 1905

- सर्वोच्च न्यायालय ने ई वी एम–वीवी पैट के सौ प्रतिशत सत्यापन की याचिका खारिज की।
- स्वास्थ्य विभाग के उप–निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय ने गर्मी के इस मौसम में लोगों से विशेष सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।
- नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से ई–श्रम पोर्टल में पंजीकृत बचे हुए प्रवासी मजदूरों की पहचान करने और उन्हें राशन कार्ड का वितरण करने के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।
- तेरेसा पुलिस थाने को आई एस ओ प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है।
- एम वी स्वराजद्वीप, एम वी कैम्पबेल बे और सिंधु की मई–जून के यात्रा कार्यक्रम घोषित कर दिए गए हैं।

<><><><><><>

सर्वोच्च न्यायालय ने आज वोटर वेरीफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल – वीवी पैट की पर्चियों के साथ इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन– ई वी एम के आंकडों के शत–प्रतिशत मिलान वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। यह फैसला न्यायाधीश संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की एक पीठ ने सुनाया। हालांकि अट्ठारह अप्रैल को इन मामलों पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। निर्वाचन आयोग से पीठ द्वारा कुछ तकनीकी स्पष्टीकरण मांगे जाने के कारण चौबीस अप्रैल को इन मामलों

को फिर सूचीबद्ध किया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करते हुए आज फैसला सुनाया गया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग के उप–निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय ने गर्मी के इस मौसम में लोगों से विशेष सावधानी बरतने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी से बचने के लिए लोगों को सूती कपड़ों का इस्तेमाल करने, तरल पदार्थ और जूस आदि पीने की सलाह दी है। जहां तक हो सके, गर्मी से बचना चाहिए और दिन के समय अधिक गर्मी के समय घरों से बाहर नही निकलना चाहिए। वाहन आदि चलाते समय ए सी का प्रयोग करने वाले और घरों में भी ए सी का इस्तेमाल करने वाले लोगों को भी उन्होंने सलाह दी है कि किस प्रकार गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य देखभाल की जा सके।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों विभाग की ओर से श्रम विभाग की ई–श्रम पोर्टल में पंजीकृत बचे हुए प्रवासी मजदूरों की पहचान करने और उन्हें राशन कार्ड का वितरण करने के लिए दूसरे चरण का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। राशन कार्ड उन बचे हुए प्रवासी मजदूरों को दिया जाएगा, जिनके पास अपने गृह राज्य या इस द्वीपसमूह में राशन कार्ड नहीं हैं। पहले चरण के विशेष शिविर में जिन लोगों ने सुविधा का लाभ नहीं उठाया है, उनसे इस सुविधा का लाभ उठाने को कहा गया है। विशेष शिविर में तैनात कर्मचारियों के नाम क्षेत्रवार जारी किया गया है। संबंधित प्रवासी मजदूर आगे की सहायता के लिए क्षेत्र के प्रधान या

वार्ड पार्षद से संपर्क कर सकते हैं। जो लोग शिविर में नहीं पहुंच पाएंगे, वे अपने–अपने क्षेत्र के टीम या नागरिक आपूर्ति विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के दूर–दराज के द्वीप तेरेसा में स्थित पुलिस थाने को आई एस ओ प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। दक्षता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने, गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली को बनाए रखने के लिए ये प्रमाणपत्र दिया जाता है। पोर्ट ब्लेयर से तीन सौ अस्सी किलोमीटर दक्षिण में स्थित तेरेसा पुलिस थाने के माध्यम से क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पुलिस सहायता, आपातकालीन प्रतिक्रिया और कानूनी सहयोग प्राप्त होता है। समुदाय को सुरक्षित बनाए रखने में भी इनकी विशेष भूमिका है। आई एस ओ प्रमाणपत्र हासिल करने से पुलिस बल के मनोबल को भी बढ़ावा मिलता है।

<><><><><><><>

रंगत पुलिस ने बड़ी मात्रा में गांजा ज़ब्त करते हुए जगन्नाथ शील नामक दशरथपुर के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर रंगत थाना प्रभारी माधब हलदार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दशरथपुर क्षेत्र में छापा मारा। आरोपी के पास से आठ सौ साठ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज किया।

<><><><><><><>

भारतीय सामुद्रिक विश्व विद्यालय चेन्नई की ओर से अंडमान निकोबार प्रशासन सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। यू जी पाठ्यक्रम की सात और डीब्रेट में नॉटिकल साइंस डिप्लोमा की तीस सीटों के लिए चौदह मई को सुबह दस

बजे से बारह बजे के बीच डीब्रेट में परीक्षा ली जाएगी। आवेदन फार्म उनतीस अप्रैल से बारह मई के बीच जारी होंगे। हॉल टिकट आठ मई से तेरह मई तक संस्थान से प्राप्त किया जा सकता है। स्थानीय और इन द्वीपों में पिछले पांच साल से रहने वाले विद्यार्थी परीक्षा के लिए योग्य माने गए हैं। और जानकारी के लिए डीब्रेट की सामुद्रिक अनुभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

विश्व मलेरिया दिवस कल मनाया गया। इस सिलसिले में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैडो में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और यूटी हेल्थ मिशन के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सूजा एन्थोनी ने इस दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य डी.पी चौरासिया सम्मानीय अतिथि थे। उप–निदेशक मलेरिया डॉ. बी अजीत कुमार ने अपने संबोधन में मलेरिया उन्मूलन के लिए इसका जल्द पता लगाने और उपचार व नियंत्रण के महत्व के बारे में जानकारी दी। उप–निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा डॉ. सुनील कुमार ने मलेरिया की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता उत्पन्न करने पर बल दिया।

<><><><><><>

एम वी स्वराजद्वीप, एम वी कैम्पबेल बे और सिंधु की मई–जून के यात्रा कार्यक्रम घोषित कर दिए गए है। एम वी स्वराजद्वीप चार मई को पोर्ट ब्लेयर से विशाखापत्तनम जाएगा, चौदह मई को चेन्नई और पच्चीस मई को दोबारा विशाखापत्तनम के लिए छूटेगा। जून में यह जहाज पांच जून को चेन्नई तथा पन्द्रह और पच्चीस जून को विशाखापत्तनम जाएगा। एम वी कैम्पबेल बे तीन मई और

पन्द्रह जून को ननकौड़ी और कैम्पबेल बे होते हुए चेन्नई जाएगा, जबकि सिंधु चार मई और अट्ठारह जून को मायाबंदर, डिगलीपुर होते हुए कोलकाता के लिए प्रस्थान करेगा। चेन्नई की यात्रा के लिए अग्रिम टिकट कल, विशाखापत्तनम के लिए उनतीस और कोलकाता के लिए तीस अप्रैल को बुक किए जा सकते हैं। ई–टिकटिंग पोर्टल और स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी टिकट खरीदे जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाया जा रहा है। बम्बूफ्लाट गांव में करीब पांच सौ वर्ग मीटर और धन्नी खाड़ी गांव में करीब पन्द्रह सौ वर्ग मीटर सरकारी जमीन को अतिक्रमण कार्यों से मुक्त कराया गया। इसके अलावा पोर्ट ब्लेयर तहसील में डॉलीगंज क्षेत्र से करीब साठ वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर कब्जे को हटाया गया। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने आम जनता को आगाह किया है कि वे सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करें। प्रशासन ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने आम जनता से शिकायत के लिए ज़िला नियंत्रण कक्ष में फोन संख्या दो चार शून्य एक दो सात, दो तीन आठ आठ आठ एक या व्हाट्सऐप नम्बर नौ पांच तीन एक आठ आठ आठ आठ चार चार पर करने की सलाह दी है। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

<><><><><><><><>